हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
25 मई 2024, समय 1305

हरियाणा में मतदान प्रक्रिया शांतिपुर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से जारी है इस दौरान सुबह से लेकर अब तक कई सिसायी ह्स्तियां मतदान कर चुकी है। अभी केंद्रीय राज्य मंत्री एवं फरीदाबाद से लोकसभा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर के अपने परिवार समेत सेक्टर 28 में मतदान करने की खबर मिली है। अंबाला लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के उम्मीदवार वरूण चौधरी ने और सांसद कार्तिकेय शर्मा ने अंबाला शीर में अपना वोट डाला, रोहतक से कांग्रेस प्रत्याशी देपेंद्र हुड्डा और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा ने रोहतक के गांव सांघी में मतदान किया।

जननायक जनता पार्टी के युवा प्रत्याशी नलिन हुड्डा ने फरीदाबाद में अपना वोट डाला, वहीं पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी बंसी लाल के परिवार से कांग्रेस नेता अनिरूद्ध चौधरी ने भिवानी में, विधायक दीपक मंगला ने पलवल की आई टी आई बुथ नंबर 39 पर मतदान किया।

....

इसके अलावा पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने आज लोकसभा सीट के साथ विधानसभा सीट के लिए करनाल में अपना वोट डाला।

गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने कुरूक्षेत्र के गांव मिर्जापुर में, कुरूक्षेत्र हलके से बी जे पी प्रत्याशी नवीन जिंदल और उनकी पत्नी शालू जिंदल ने थानेसर में, फरीदाबाद से कांग्रेस प्रत्याशी महेंद्र प्रताप सिंह ने फरीदाबाद में वोट डाला।

हरियाणा के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने हिसार में, परिवहन मंत्री असीम गोयल ने अंबाला के नन्यौला गांव मे मतदान किया।

हरियाणा लोकहित पार्टी के अध्यक्ष एवं सिरसा से विधायक गोपाल कांडा ने सिरसा में अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

....

राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने टोहाना के गांव डांगरा, सिरसा से बी जे पी प्रत्याशी अशोक तंवर ने सिरसा और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अंबाला के गांव मिर्जापुर मे मतदान किया।

मतदान के बाद श्री अशोक तंवर ने आकाशवाणी से बातचीत में कहा कि सिरसा मे इस बार रिकॉर्ड मतदान होगा।

सभी राजनीतिक दलों के प्रत्याशी मतदान के बाद अपनी अपनी जीत का दावा कर रहे हैं।

....

हरियाणा में अब तक 35 से 40 प्रतिशत मतदान होने की खबर है।

कुछ ही देर में निर्वाचन आयोग द्वारा नये आंकड़ जारी किये जा रहे हैं। विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों से मिली जानकारी के अनुसार लोकसभा चुनाव के लिए भिवानी महेंद्रगढ़ हलके के अंर्तगत अटेली में 35 प्रतिशत, बाढडा मे 31 प्रतिशत, दादरी में 35.7 प्रतिशत, भिवानी में 32.21 प्रतिशत, लोहारू में 38.4 प्रतिशत, महेंद्रगढ़ मे 33.3 प्रतिशत, नारनौल में 36.4 प्रतिशत और तोशाम में 35.3 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।

....

हरियाणा में लोकसभा चुनाव के साथ करनाल विधानसभा की सीट के लिए उपचुनाव भी हो रहा है। ये विधानसभा सीट पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के इस्तीफे के बाद खाली हुई है और मौजूदा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सहत कुल 9 उम्मीदवार इस विधानसभासीट से चुनाव लढ़ रहे है।

विधानसभा सीट के लिए आज करनाल के 11 लाख 99 हज़ार 567 मतदाता मतदान कर रहे है जिनमें 3 हज़ार 121 सर्विस वोटर भी शामिल है।

....

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने प्रत्येक मतदाता से अपने मतदाता से अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि लोकतंत्र के इस पर्व में एक एक वोट का महत्व है। इस लिए जिन नागरिकों ने अभी तक अपना वोट नहीं डाला वे पूरे उत्साह के साथ अपने मत का प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि जिस मतदाता का नाम मतदाता सूची में शामिल है लेकिन उसके पास मतदाता पहचाल पत्र नहीं है। वो निर्वाचन आयोग द्वारा निर्दिष्ट 11 वैकल्पिक पहचान पत्र दिखाकर वोट डाल सकता है।

उन्होंने कहा कि जिस मतदाता के पास पुराना वोटर कार्ड या आधार कार्ड है या अन्य कोई पहचान पत्र है तो वह मतदाता सूची में नाम होने पर मतदान कर सकता है।

....

हरियाणा में आज सभी दस लोकसभा सीटों के लिए मतदान हो रहा है। प्रदेश के कुल 2 करोड़ एक लाख 87 हज़ार 911 मतदाता आज अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं। लगभग एक लाख 11 हज़ार 143 सर्विस वोटर ने मत पत्र के माध्यम से अपना वोट दिया है। इसी तरह कई 85 वर्ष से अधिक आयु के एंव दिव्यांग मतदाताओं ने घर से ही वोट के अधिकार का प्रयोग किया है।

हमारे संवाददाता अश्विनी कुमार शर्मा ने बताया है कि सभी 20 हज़ार 31 मतदान केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान जारी है। मतदान के लिए महिलाओं द्वारा संचालित 99 पिंक बूथ भी बनाये गए हैं जबकि 71 मतदान दिव्यांग और 96 मतदान केंद्र युवा कर्मचारियों और

अधिकारियों द्वारा संचालित किये जा रहे हैं। मतदान के लिए 45 हज़ार 576 इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों , 24 हज़ार 39 कंट्रोल यूनिट और 26 हज़ार 40 वी वी पैट का प्रयोग किया जा रहा है। प्रदेश के 96000 के करीब अधिकारी और कर्मचारी मतदान प्रक्रिया को संपन्न करवाने में लगे हैं।

मतदाता आज हरियाणा में चुनाव लड़ रहे 223 उम्मीदवारों के भाग्य का फैंसला करेंगे। प्रदेश के 176 संवेदनशील और 2 ,286 अति संवेदनशील मतदान केंद्रों पर चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था की गई है। मतदान निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी ढंग से संपन्न हो इसलिए निर्वाचन आयोग ने पुलिस के लगभग 35000 जवान और अर्धसैनिक बलों की लगभग 110 कंपनियां तैनात की हैं।

इसके अलावा लगभग 24000 गृह रक्षी पूरे प्रदेश में तैनात किये गए हैं. मतदान प्रक्रिया की वीडियोग्राफी और वेबकास्टिंग भी की जा रही है।

....